हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

11 संख्यात्मकता दक्षताओं को बढ़ाने की कवायद



11 लड़कियों की रस्साकशी प्रतियोगिता में रोहेडा...



## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** भटनागर कालोनी के निकट तेजरफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अंडरपास से गुजर रहा था।

### कैथलः आज कोर्ट में कामकाज रहेगा बंद

**कैथल।** गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस और सर छोटू राम जयंती के उपलक्ष में 24 नवंबर को कैथल की अदालतों में कामकाज बंद रहेगा। बार एसो के प्रधान संदीप ने जानकारी दी। इन दोनों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए 24 नवंबर को अदालतों में वर्क सस्पेंड रहेगा। यदि कोई वकील कोर्ट में पेश हुआ तो 11000 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

### गाड़ी से मारी बाइक को टक्कर, विरोध पर पीटा

**जींद।** गांव दालमवाला में रंजिशन मारपीट करने तथा गाड़ी से टक्कर मारने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दालमवाला निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के आशू से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते आशू ने अपनी गाड़ी से उसके बाइक को टक्कर मार दी।

### दुकान से नकदी चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** दुकान से नकदी चोरी मामले में कार्रवाई करते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने आरोपी को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ नरवाना व जिला कैथल में चोरी के 11 मामले दर्ज है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कोटड़ा निवासी अंकित की शिकायत अनुसार दुकान, प्यौदा रोड गैस एजेंसी के पास दुकान के गले से अज्ञात व्यक्ति 12 हजार रुपये चोरी करके ले गया।

### शराब की बोतल मारकर किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** अहिरका के निकट शराब की बोतल से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रूपगढ़ निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव की तरफ जा रहा था। गांव अहिरका के निकट एक शराब के नशे में धुत्त व्यक्ति से कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपित ने उस पर शराब की बोतल से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया।

### जजपा एससी सैल हलका प्रधानों की सूची जारी की

**जींद।** जजपा के जिला कार्यालय में रविवार को एससी सैल के जिला जींद के हलका प्रधानों की सूची जारी की। सूची एस सी सेल के जिला संयोजक शमशेर बद्दोवाल द्वारा जारी की गई। बताया कि सूची को अंतिम रूप जिला प्रधान जींद जोरा सिंह डूमरखा, प्रदेश अध्यक्ष एससी सैल सुरेंद्र , पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रभारी रमेश तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया।

### मारपीट करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव धमतान साहिब में कहासुनी के चलते मारपीट करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी रामफल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही सुमित से कहासुनी हो गई।

### जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**उचाना।** हरकोफैड पंचकूला की तरफ से जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का एसडी स्कूल मंगलपुर में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों को क्रमशः 2100, 1500, 1100 रुपये का पुरस्कार एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

# कुरुक्षेत्र गीता जयंती समारोह में जाने वालों से लिया जाएगा आधा किराया

## कैथल से लगाई स्पेशल 18 बस, रोडवेज देगा यात्रियों को विशेष कूपन, पांच दिसंबर तक मिलेगा सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कुरुक्षेत्र गीता जयंती महोत्सव को लेकर रोडवेज यात्रियों पर विशेष मेहरबान हो गया है। अब कुरुक्षेत्र की गीता जयंती महोत्सव देखने वालों से विभाग केवल आधा किराया ही लेगा। मजे की बात यह होगी कि बुजुर्गों से आधा किराया भी नहीं लिया जाएगा। यही नहीं कैथल से प्रतिदिन गीता जयंती महोत्सव को लेकर स्पेशल 18 बस लगाई गई हैं। रोडवेज विभाग के कर्मचारी कूपन देकर यात्रियों को बसों में बिठाएंगे। रोडवेज कर्मचारी बस के पास ही आधा किराया का कूपन देंगे। बता दें कि बसों में वरिष्ठ नागरिक को कूपन नहीं दिया जाएगा, क्योंकि इनका रोडवेज बसों में पहले ही आधा किराया लगता है। छूट पर जाने वाली बसों के आगे गीता जयंती महोत्सव का बैनर भी लगाया जाएगा ताकि यात्रियों को बस अड्डा पर बस ढूढ़ने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इनकवायरी पर बैठे कर्मचारी बार- बार गीता जयंती में जाने वाली बसों की लाऊड स्पीकर के माध्यम से जानकारी देंगे। स्पेशल कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 15 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर रोडवेज परिसर में ही बूथों के सामने मौजूद रहेंगे। बता दें कि यात्रियों की संख्या के हिसाब से स्पेशल बसों की कमी रहती है तो कुरुक्षेत्र रूट पर जाने वाली बसों में यात्रियों को कूपन देकर बिठाया जाएगा। कुरुक्षेत्र रूट पर साधारण दिनों से 22 फेरे अतिरिक्त संबंधित विभाग ने बढ़ा दिए है। पांच दिसंबर तक यह आधा किराया की छूट रहेगी। 15 दिसंबर को महोत्सव का समापन समारोह होगा। गीता महोत्सव को लेकर रोजाना सुबह छह बजे कैथल बस स्टैंड से कुरुक्षेत्र गीता महोत्सव के लिए पहली बस चल पड़ती है।



कैथल। बस स्टैंड पर खडी बस। फोटो :हरिभूमि

### 18 स्पेशल बसें शुरू : कमलजीत

कैथल डिपो के जीएम कमलजीत सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र जाने के लिए आज से स्पेशल बसों को संचालन कर दिया गया है। 18 स्पेशल बसें शुरू कर दी है। इसके अलावा कुरुक्षेत्र जाने वाले यात्रियों को किराये पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। इसके लिए कूपन सिस्टम शुरू किया है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते बस बढाई भी जा सकती हैं।

### 50 प्रतिशत तक छूट

गौरतलब है कि रोडवेज की बसों में साधारण दिनों में 50 रुपये बिरला मंदिर कुरुक्षेत्र तक का किराया लगता है। अब कूपन के साथ 25 रुपये किराया देकर यात्री गीता महोत्सव में जा सकते हैं। हालांकि जिन यात्रियों को किराया में पहले से ही 50 प्रतिशत तक छूट प्राप्त है, उनको यह सुविधा नहीं प्रदान की जा रही है।

### यात्रियों की लगी भीड़

गीता महोत्सव में जाने वाले संदीप कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र रूट पर दो दिनों से भीड़ बढ़ गई है। विभाग ने अतिरिक्त बसें चलाने का अच्छा फैसला लिया है। यात्रियों के अनुसार ओर भी बसें बढ़ाई जाए। ताकि यात्रियों को आने- जाने में परेशानी न हो। कुरुक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जिला से हर वर्ष मेला देखने के लिए सैकड़ों लोग जाते हैं। कैथल भी मंदिरों का स्थल है।



जुलाना। वार्ड चार में आग से जला घर का सामान। फोटो :हरिभूमि

# मकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख

## पीड़ित ने लगाई मुआवजे की गुहार

» **हालांकि यह नही पता चल पाया कि आग कैसे लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड चार में स्थित एक मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अपने पास मौजूद संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था।

जुलाना कस्बे के वार्ड चार निवासी सुनीता के मकान के ऊपर वाले कमरे में रविवार को अचानक से आग लग गई। यह कमरा किराये पर दहाड़ी मजदूरी करने वाले जुलाना निवासी सतीश को दिया हुआ था। सतीश ने बताया कि आसपास के लोगों ने फोन करके उसको आग लगने की सूचना दी गई थी कि उसके कमरे में आग लगी हुई है। जिसके बाद वह दिहाड़ी छोड़ कर घर पर पहुंचा तो पाया कि आग से कमरे में रखे सामान जलकर नष्ट हो गया था। यहां तक की चार पाई भी जल कर राख हो चुकी थी। आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ हैं। सतीश ने बताया कि अब उसने पास दो वक्त की रोटी का अनाज भी नही बचा हैं। सतीश ने प्रशासन से मांग की हैं कि उसे आर्थिक सहायता दी जाए ताकि वह अपना गुजर बसर कर सके। हालांकि यह नही पता चल पाया है कि आग कैसे लगी। आग लगने की सूचना पाकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

### सन 1975 में बने नागरिक में पहली बार सुरक्षा और सुविधा बढ़ेंगी

# अब पुरानी व नई दोनों बिल्डिंगों में होगी फायर सेफ्टी की सुविधा

## आपरेशन थिएटर तक पहुंचेगी एंबुलेंस, एक्सरे कक्ष को भी बनाया जा रहा सुरक्षित

**नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार का चल रहा कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अब आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचेगी। इसके लिए रास्ता बनाया जा रहा है। इससे आपातकाल में मरीजों के लिए काफी सुविधा रहेगी। वहीं एक्सरे कक्षा को भी इस तरह से बनाया जा रहा है ताकि इससे निकलने वाली खतरनाक किरणों का मरीजों पर कोई असर नहीं हो। ऐसे में अब नागरिक अस्पताल लोगों के लिए पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। सन 1975 में बने जिला मुख्यालय स्थित नागरिक में पहली बार सुरक्षा और सुविधा बढ़ेंगी। आजतक नागरिक अस्पताल के पास फायर सेफ्टी की एनओसी नहीं है। सात साल पहले बनी नई बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के उपकरण तो लगे थे लेकिन एनओसी नहीं मिली थी। अब नई और पुरानी दोनों बिल्डिंगों के लिए फायर सेफ्टी के लिए एनओसी ली जाएगी। इसके अलावा अस्पताल के आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंच जाएगी। ऐसे में अब नागरिक अस्पताल लोगों के लिए पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। जींद में 1975 में नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग बनी थी। उस समय यहां 50 बेड की सुविधा थी। अब सात साल पहले नागरिक अस्पताल को एक और नई बिल्डिंग मिली। इसमें 200 बेड की सुविधा शुरू हुई। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में कभी भी फायर सेफ्टी उपकरण नहीं लगे। नई बिल्डिंग में फायर सेफ्टी उपकरण तो लगे लेकिन वह केवल दिखावे के ही लगे। यहां पर पानी की कोई सुविधा नहीं था। इसलिए अस्पताल की बिल्डिंग को फायर सेफ्टी एनओसी नहीं मिली। अस्पताल प्रशासन ने भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और बिल्डिंग को हैंडओवर कर लिया। इसके बाद सवाल उठने लगे कि बिना फायर सेफ्टी एनओसी कैसे बिल्डिंग को ओवरटेक कर लिया गया। अब नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। इसी के तहत अब दोनों बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी सिस्टम को सही करके एनओसी ली जाएगी। नई बिल्डिंग में तो फायर सेफ्टी उपकरण लगे हैं। लेकिन पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी उपकरण अब लगाए गए हैं। इनके लिए अस्पताल में दो बड़े टैंक बनाए जाएंगे और पानी स्टोर किया जाएगा। इसके बाद फायर विभाग के पास एनओसी को आवेदन किया जाएगा। इस बार अस्पताल को फायर सेफ्टी के लिए एनओसी मिल जाएगी।



नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचाने के लिए बनाया जा रहा रास्ता।

### एक्सरे कक्ष होगा सुरक्षित

अस्पताल की नई बिल्डिंग में बना एक्सरे कक्ष अब पहले की बजाय ज्यादा सुरक्षित होगा। यहां पर एक्सरे मशीन से निकलने वाली रेडिएशन को कवर करने के लिए मोटा शीशे का दरवाजा लगाया जा रहा है। इसके अलावा पहले दीवार की मोटाई नौ इंच थी, इसे अब और ज्यादा बढ़ाया जा रहा है ताकि एक्सरे मशीनों से निकलने वाला रेडिएशन बाहर नहीं जा सके। वहीं एक्सरे कक्ष में सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### सुविधाएं बढ़ेंगी

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि फायर सेफ्टी उपकरण लगाए जा रहे हैं। जल्द ही इसके लिए फायर विभाग से एनओसी ली जाएगी। आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस की पहुंच होगी। अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। पहले की बजाय अब अस्पताल बिल्डिंग ज्यादा सुरक्षित होगी। इसके अलावा मरीजों के लिए सुविधाएं भी बढ़ेंगी।

### पांच आपरेशन थिएटर

नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस की पहुंच होगी। यहां नई बिल्डिंग में पांच आपरेशन थिएटर हैं। यहां दीवार को तोड़कर तीसरी मंजिल पर बने आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। ऐसे में आपातकाल में मरीजों को इसकी काफी सुविधा रहेगी। ज्यादा सीरियस मरीज को सीधे आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस के जरिये लाया और ले जाया जा सकेगा।

### पुलिस ने किया नए रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण

**कैथल।** सिविल लाइन थाना पुलिस टीम ने रविवार को सुरक्षा दृष्टि से ने नए रेलवे स्टेशन पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां पर कुछ शरारती किस्म के लड़के घूमते रहते हैं। जिससे महिला यात्रियों को परेशानी होती है। सिविल लाइन थाना एसएचओ राम निवास ने बताया कि उन्हें रविवार को स्टेशन पर कुछ शरारती किस्म के लड़कों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद वे टीम के साथ पहुंचे थे। इसके बाद पुलिस को देखते ही कुछ लड़के वहां से भाग गए। पुलिस टीम ने स्टेशन पर सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रियों से भी बातचीत की। महिला यात्रियों और छात्राओं ने मांग की कि यहां पर पुलिस की टीम का समय-समय पर दौरा करवाया जाए, ताकि मनचलों और नशा करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके।

# सड़क निर्माण में लापरवाही सहन नहीं होगी

- विधायक जांबा ने हाबड़ी हजवाना सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने रविवार को हाबड़ी से हजवाना तक बन रही सड़क निर्माण परियोजना का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। 57.21 लाख से तैयार हो रही सड़क क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है, जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण की प्रगति व गुणवत्ता संबंधी जानकारी साझा की। स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जाए।



पूंडरी। सड़क का निरीक्षण करते विधायक सतपाल जांबा। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि यह सड़क न केवल सामान्य आवागमन को आसान बनाएगी बल्कि विद्यार्थियों, किसानों, महिलाओं और कर्मचारियों की दैनिक आवाजाही को भी सुविधाजनक बनाएगी। विधायक की सक्रियता और निरीक्षण से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर देखने को मिली। ग्रामीणों ने कहा कि सतपाल जांबा की पहल और निरंतर कार्यशीलता से पुंडरी क्षेत्र में विकास का नया दौर शुरू हुआ है। निरीक्षण के दौरान ओम प्रकाश जांबा, जेई सुनील गड़तान, हाबड़ी सरपंच प्रतिनिधि गुरविंदर सिंह और हजवाना सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।



### सीएम सैनी और पूर्व सीएम हुड्डा भी समारोह में पहुंचे

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रिषि मिड्ढा के बेटे की शादी का आयोजन रविवार को एकलव्य स्टेडियम में किया गया। विवाह समारोह को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। सुबह से ही वीआईपी, वीवीआईपी लोगों का विवाह समारोह में आना शुरू हो गया था। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। साथ ही हर आने वाले का अच्छे से ख्याल रखा गया। दोपहर बाद विवाह समारोह में सीएम नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी पहुंचे। दोनों ही दिग्गज नेता एकसाथ बैठे और बातचीत भी की। इसके अलावा सरकार के आला मंत्रियों के साथ-साथ कई दिग्गज नेताओं ने भी विवाह समारोह में शिरकत की। सीएम नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मिड्ढा परिवार को विवाह के लिए शुभकामनाएं दी और रिषि मिड्ढा को आर्शीवाद दिया। वहीं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने भी विवाह समारोह में शिरकत की और मिड्ढा परिवार को बेटे के विवाह के लिए बधाई दी। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटी रिषि मिड्ढा की शादी भिवानी में तय हुई थी। पिछले कई दिनों से यह शादी समारोह प्रदेशभर में चर्चा का विषय बना हुआ था। क्योंकि इस शादी में एक लाख से अधिक लोगों को कार्ड बांटे गए थे।

### सीवन में बंदरों का बढ़ता आतंक, फैली दहशत

**सीवन।** नगर के कई आवासीय क्षेत्रों में भी बंदरों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बंदर आए दिन घरों में घुस जाते हैं और किचन से लेकर कमरों तक में रखे सामान को नुकसान पहुँचा देते हैं। कई बार वे फ्रीज के अंदर से सब्जियां व फल तक निकालकर ले जाते हैं, जिससे लोग काफी परेशान हैं। इसके साथ ही राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में भी बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। विद्यालय परिसर में लगे वृक्षों पर ये बंदर पूरे दिन झूलते रहते हैं और मैदान में समूह बनाकर घूमते दिखाई देते हैं। इस वजह से स्कूल के बच्चे काफी डरे-सहमे रहते हैं और विद्यालय प्रशासन भी चिंतित है कि कहीं बच्चे बंदरों का शिकार न बन जाएं। स्कूल ही नहीं, बल्कि नगर के लोगों ने बताया कि बंदरों की संख्या बढ़ रही है और वे सुबह-शाम छतों पर, गलियों में और पेड़ों पर मंडराते रहते हैं।

**कार्यक्रम** मैट्रिस डिग्री कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन

# शिक्षा नीति में शिक्षा के स्तर को बहुत बड़े स्तर पर सुधारा जाएगा : महिपाल ढांडा

**मुख्यातिथि के तौर पर शिक्षा मंत्री व चौधरी रणबीर सिंह विवि के वाइस चांसलर पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के अंटा स्थित मैट्रिस डिग्री कॉलेज में रविवार को जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा तथा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. रामपाल सैनी रहे। शिक्षा मंत्री का स्वागत कॉलेज निदेशक वजीर सिंह नेहरा तथा कॉलेज अध्यक्ष जसबीर देशवाल, रणबीर देशवाल, परमजीत देशवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सभी छात्र, छात्राओं को इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षा स्तर में होने वाले बदलाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षा के स्तर को बहुत बड़े स्तर पर सुधारा जाएगा। कहा कि शिक्षा नीति के कारण हमारी शिक्षा का स्तर पहले से काफी सुधर गया है। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए इसके लिए उन्होंने रामायण का उदाहरण दिया। अपना 100 % किसी भी काम के पीछे लगा दो, उसका परिणाम क्या होगा उसकी उसकी चिंता आपने नहीं करनी है। इसके पीछे उन्होंने महाभारत का गीता उपदेश का उदाहरण दिया। इसके बाद स्टेज वन पर आयोजित की प्रतियोगिता में सबसे पहले ग्रुप डांस, जर्नल सोलो डांस, हरियाणवी फीमेल सोलो डांस, हरियाणवी मेल, क्लासिकल डांस सोलो, हरियाणवी सोलो आदि प्रस्तुतियों की गई। इन प्रस्तुतियों को प्रदर्शित करने के लिए सभी छात्र व छात्राओं में उत्साह और उमंग देखने को मिला।








जुलाना। बैठक में भाग लेते निवेशक। फोटो :हरिभूमि

### चिटफंड कंपनियों में डूबे पैसे की वापसी के लिए लोग एकजुट

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के अटल पार्क में पर्ल इंडिया लिमिटेड कंपनी के साथ-साथ अन्य चिटफंड कंपनियो में डूबे पैसे सरकार द्वारा कानून बनाए जाने के बाद भी वापसी ना होने पर निवेशकों में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर रविवार को चिटफंड कंपनियों के सताए लोग एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया। बैठक की अध्यक्षता मोहन लाल ने की। मोहन लाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा चिट फंड कंपनियों में डूबे पैसे की वापसी के लिए बड्स एक्ट भी पारित किया गया लेकिन उसका असर धरातल पर दिखाई नहीं दिया है। पर्ल इंडिया लिमिटेड कंपनी में निवेशकों का 49,100 करोड़ रुपया डूबा हुआ है। पर्ल कंपनी द्वारा लोगों से उनका पैसा दोगुना करनें के नाम पर बड़ी रकम ठगी गई है। इसी रकम की वापसी के लिए मीटिंग में पहुंचे निवेशकों और एजेंटो नें कहा कि आगामी दिसंबर माह में प्रत्येक गावं में बड़े स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी और आंदोलन कों और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिटफंड कंपनियों में निवेश के बाद पैसा डूब जाने से कई परिवार बर्बादी की कागार पर आ गए हैं।



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

## हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।



# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के



साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।

# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका



फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद



साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।

### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



### संजय दत्त- कांचा



साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।

## खबर संक्षेप

### आज विधायक देवेंद्र अत्री का उचाना दौरा

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 24 नवंबर को हलके के विभिन्न गांव में विकास कामों के शिलान्यास व उद्घाटन करने के साथ.साथ ग्रामीणों से रूबरू होंगे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि नगूरां गांव से शुरूआत के डाहोला, मोहनगढ़ छापड़ा, कालता, सफाखेड़ी, गुरूकुल खेड़ा पहुंचेंगे।

### भवन निर्माण मजदूर यूनि का प्रदर्शन 26 को

**जींद।** हरियाणा सरकार निर्माण मजदूरों के लाभ रोक कर मजदूरों के हितों पर हमला कर रही है। इसलिए 26 नवंबर को जिला स्तर पर मजदूर किसान प्रदर्शन करेंगे और 14 दिसंबर को निर्माण मजदूर सीएम आवास कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। सीटू जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि हरियाणा सरकार की भ्रष्टाचार और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा ने घोषणा की है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव चाबरी से युवती के संदिग्ध हालात में युवती के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव चाबरी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। पूछताछ करने तथा तलाशने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा।

### कन्या गुरूकुल गुरूकुल खेड़ा की छात्राएं अव्वल

**उचाना।** जींद के डीएवी स्कूल में गीता महोत्सव पर आयोजित जिलास्तरीय प्रतियोगिता में कन्या गुरूकुल गुरूकुल खेड़ा की छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या बंतो बैनीवाल ने बताया कि छठी से आठवीं तक संवाद में गीतिका, खुशबू ने प्रथम श्लोकाच्चारण में सोनम को सांत्वना पुरस्कार मिला। 9वीं से 12वीं में संवाद में संध्या रानी महम श्लोकाच्चारण में आंचल, पेंटिंग में मंजू ने सांत्वना पुरस्कार जीता।

### जवाहर नवोदय स्कूल में पूर्व छात्र दिवस सात को

**जींद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के प्राचार्य धनी राम शर्मा ने बताया कि विद्यालय में आगामी सात दिसंबर को पूर्व छात्र दिवस एलुमिनाई डे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी पूर्व छात्र, छात्राओं से अनुरोध किया है कि वे सात दिसंबर को प्रातः नौ बजे स्कूल में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### बनभौरी धाम के लिए 48वीं बस यात्रा रवाना

**नरवाना।** स्वर्गीय लाल धर्मपाल सिंगला की स्मृति में चलाई जा रही 48वीं फ्री माँ बनभौरी धाम यात्रा आज अग्रवाल जन जागरण मंच नरवाना के तत्वाधान में सम्पन्न हुई। यात्रा हर माह की अमावस्या के बाद आने वाले पहले रविवार को होती है। यात्रा फ्री करवाई जाती है। चार वर्षों से संस्था द्वारा पुनीत कार्य किया जा रहा है जिससे प्रत्येक भक्तजन माँ बनभौरी धाम के दर्शन कर सके। सभी भक्त जन माता रानी के जयकारे लगाते बस यात्रा में बनभौरी धाम के लिए रवाना हुए।

### मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर पाएं वित्तीय

**जींद।** सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी दी।

### सीपीआईएम ने लेबर कोड्स की जताया रोष

**जींद।** केंद्र सरकार द्वारा चार लेबर कोड्स की एकतरफा अधिसूचना जारी किए जाने का सीपीआई कड़ा विरोध करती है। लेबर कोड उन 29 लेबर कानूनों को खत्म करते हैं। जिन्हें बड़ी मुश्किल से हासिल किया था तथा जिन्होंने अब तक मजदूरों को कुछ हद तक बचाया था। ये कोड मज़दूरों को पूंजी के हमले के सामने असुरक्षित छोड़ने के लिए बनाए गए हैं।

---

### सांसद खेल महोत्सव के तहत गांव रोहेड़ा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# लड़कियों की रस्साकशी प्रतियोगिता में रोहेडा अव्वल, सोंगरी गुलियाना द्वितीय

### लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सखी ने मारी बाजी

**लड़कों की रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में प्योदा रहा प्रथम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सांसद खेल महोत्सव के तहत गांव रोहेड़ा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में युवाओं में अलग जोश देखने को मिला। कबड्डी,कुश्ती, रस्सा कस्सी, वालीवाल, क्रिकेट, जुडो व अन्य खेल प्रतियोगिता के दौरान चेयरपर्सन नगरपालिका कलायत बबीता रानी, सुशील पंचाल, अनिल मलिक, कुलविंदर राणा, राकेश कुमार, मंदीप सिंह,अजीत चहल, गुड्डी राणा, सतविंदर राणा उर्फ काका, मुकेश कुमार,जयवीर राणा, गुरनाम कसान, डॉ संदीप राणा, नीरज रोहड़ा,अरुण कुमार, तारा चन्द गोस्वामी,सतपाल शर्मा, विकास रोहेड़ा, कमल राणा, जसवंत, गुरमीत,डॉ सतनाम कोच, सांसद नवीन जिन्दल कार्यालय कैथल प्रभारी रविंदर धीमान, सांसद के हल्का कलायत प्रभारी वीरेन्द्र सारण,ओर सांसद के हल्का गुलहा प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के यह रहे परिणामः लड़कियों की जूडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर माफी, रितु, गुंजन, रेखा, रितिका, दीपिका, एकता, अंजु, दशन, द्वितीय स्थान पर प्रीति, खुशी, नेहा, तनु, मधु, निशु, प्रिया, ज्योति, तेजस्वी रही। लड़कों की जोड़ो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहित, लकी, प्रिंस, मोहित, हरजीत, साहिल, विजय, ऋषिपाल, सोनू, द्वितीय स्थान पर विशाल, सूर्यांश, प्रतीक, अमरजीत, संजू, राकेश, राहुल, प्रिंस, राहुल रहे। लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंशिका, प्रीति, एकता, प्रीति, दिशा, दीपांशी, यासमीन, शीतल, माफी, रानी, द्वितीय स्थान पर ज्योति, माही, अनुराधा, गरिमा, मन्नू, अंजलि जागलान, ज्योति सुजल संजना, मधु रही। लड़कों की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राहुल, धोनी, अमनदीप, राकेश, राजवीर, भूरिया, विजय, सोनू, सुमित, गुरजोत, द्वितीय स्थान पर गर्व, कुलबीर, अनुज, अक्षय, विकास, दीपक, विकास, सलिंदर, सुशील, रजत रहे। लड़कों की रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में प्योदा प्रथम, नंद करण माजरा दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों के रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में रोहेडा प्रथम तथा सोंगरी गुलियाना द्वितीय स्थान पर रहा। लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता में रोहेड़ा खेलों इंडिया केंद्र प्रथम, द्वितीय स्थान पर रोहेडा स्टेडियम रहा। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में सोंगरी गुलियाना प्रथम तथा रोहेड़ा गांव द्वितीय स्थान पर रहा। लड़कों की क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहेड़ा गांव तथा दूसरे स्थान पर किठाना गाँव रहा। लड़कियों के क्रिकेट प्रतियोगिता में प्योदा गांव प्रथम स्थान पर, हरसोला गांव द्वितीय स्थान पर रहा। लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सखी, अंजलि, मेनका, मुस्कान, पुष्पा, कीर्ति, द्वितीय स्थान पर प्रीति, मंजू, खुशी, अंजलि, मोनिया, हरप्रीत, राधिका रही। लड़कों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिंस, रविंदर, मोनू, प्रवेश, अभिषेक, कुशल, करिषेन्दू, द्वितीय स्थान पर अजय, सुमित, शुभम, अभिषेक, अरुण, क्रिसेंद्र कुशल रहे।



राजौंद। खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**वॉलीबॉल में ग्राम पंचायत हरसोला प्रथम**

लड़को की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ग्राम पंचायत हरसोला, द्वितीय स्थान पर नरड अंचल स्कूल नरड, लड़कियों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंगरी प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर गांव सोंगरी रहा। लड़कों की रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरव बीडान गांव सोंगरी गुलियाणा, द्वितीय स्थान पर पुनीत सिसमोर रहा। लड़कियों की रस्सी कूद प्रतियोगिता में सिसमोर गांव की मेनका प्रथम स्थान पर, सौंगल की जसमीन द्वितीय स्थान पर रही।



**प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में रियान्सी प्रथम**

**उचाना।** खंड स्तर पर उचाना मे आयोजित रोड सेफ्टी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन की छात्रा रियान्सी पुत्री रनदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते लेवल 1 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल की छात्रा शाक्षी पुत्री कमलजीत का वर्ष एमबीबीएस में प्रवेश हुआ और प्रधानाचार्य ने विजेता छात्रा और एमबीबीएस में चयनित छात्रा दोनों को पुरस्कार प्रदान किए। छात्राओं के परिजनों और अध्यापिका सुनीता को उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। विद्यालय खेल स्पर्धा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं शैक्षणिक स्तर पर नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

---



कलायत। राष्ट्रीय स्तर के गाइडेंस और काउसिलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद की बीआरपी गीता रानी। फोटो :हरिभूमि

## छात्राओं की मनोवैज्ञानिक जरूरतों की पहचान कर हल करवाया जाएगाः रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) बेहद संजीदा नजर आ रहा है। इस लक्ष्य को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों और वार्डनों को काउंसलर के रूप में प्रशिक्षित करने की योजना तय की है। इसके तहत छात्राओं की मनोवैज्ञानिक जरूरतों की पहचान कर उन्हें समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। 17 से 21 नवंबर तक राजस्थान के अजमेर में राष्ट्रीय स्तर का गाइडेंस और काउसिलिंग प्रशिक्षण हुआ। इसमें कैथल जिला से कलायत में तैनात बीआरपी गीता रानी ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन के मार्ग दर्शन में उन्हें प्रशिक्षक में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिला। इसमें गीता रानी सहित हरियाणा से कुल आठ प्रतिभागियों का चयन किया गया था। प्रशिक्षण में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। गीता रानी ने बताया कि एनसीईआरटी के राष्ट्रीय सर्वे में लगभग 5500 छात्राओं के डेटा विश्लेषण में पाया गया कि छात्राएं सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक और भावनात्मक चुनौतियों से जूझ रही हैं। इन हालातों में उनके मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर असर पड़ रहा है। इसलिए विशेष योजना बनाते हुए इस दिशा में काम किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने बताया कि केजीबीवी की छात्राएं वंचित और कमजोर वर्गों से आती हैं। इनके लिए मनोवैज्ञानिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यह पहल किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण और बेहतर शैक्षणिक वातावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षक को काउंसलर की भूमिका भी दी गई है।

---

### दादा खेडा में मूर्ति स्थापना पर की पूजा अर्चना

**राजौंद।** शहर के दादा खेड़ा में खाटु श्याम,गणेश जी,राम दरबार,मां सरस्वती,शिव परिवार की मूर्ति स्थापना स्थापना को लेकर पूजा अर्चना का आयोजन किया गया।बता दें कि दादा खेड़ा के मैदान में श्याम बाबा खाटू श्याम, राम दरबार, गणेश जी, मां सरस्वती, शिव परिवार, हनुमान जी महाराज की मूर्तियां स्थापित करने के लिए पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि यह पूजा 27 नवंबर तक चलेगी। जिसमें प्रतिदिन विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजा अर्चना करवाई जाएगी। बताया कि 26 को नगर परिक्रमा के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा व 27 को मूर्ति स्थापना की जाएंगी। उन्होंने बताया की विधिवत रूप से 5 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विशेष पूजा अर्चना प्रतिदिन करवाई जाएगी। इस दौरान दादा खेड़ा कमेटी के प्रधान मोहकम राणा,कैशियर धर्मेंद्र अरोड़ा,राज बंसल सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।



नगर खेड़ा पर पूजा अर्चना करवाते आचार्य राम भगत हरित व मौजूद यजमान।



उचाना। बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

**उचाना।** नागरिक अस्पताल उचानाकी निरीक्षक टीम द्वारा बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। अध्यक्षता ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी हरेंद्र सिंह ने की। निरीक्षक टीम के रूप में डा. योगेश शर्मा, मोहन सिंह नर्सिंग ऑफिसर, राहुल सिंह लैब अटेंडेंट, विकास फार्मासिस्टए स्वास्थ्य कार्यकर्ता सत्यवान उपस्थित रहे। छात्राओं का हेल्थ चेकअप किया जिसमें हिमोग्लोबिन, रक्तचाप व शुगर के टेस्ट करने के बाद आयुष विभाग की तरफ से छात्राओं को कैल्शियम और आयरन की दवाइयां बांटी गई। डा. योगेश शर्मा ने छात्राओं को आहार और जीवन शैली के बारे में बताते प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम अपने गलत खानपान और दिनचर्या से बीमारियों को आमंत्रण दे रहे है। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास के साथ.साथ खानपान पर भी ध्यान देना चाहिए। कॉलेज में इस तरह के हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं।

### पूर्व छात्र मिलन 2025 के लिए तैयारियां पूरी

**पूंडरी।** पुंडरिक खेल एवं जनकल्याण ट्रस्ट पूंडरी की ओर से आगामी पूर्व छात्र मिलन 2025 का आयोजन 30 को किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे डीएवी कॉलेज प्रांगण पूंडरी में आयोजित होगा। ट्रस्ट की ओर से सभी पूर्व विद्यार्थियों को इस विशेष मिलन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एक ही मंच पर एकत्रित करना, कॉलेज से जुड़ी यादों को पुनः जागृत करना और आपसी संवाद को मजबूत करना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संवाद सत्र, अनुभव साझा करने का अवसर और पूर्व विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन भी शामिल रहेगा। ट्रस्ट ने बताया कि आर्य स्कूल पूंडरी के पूर्व अध्यापक तथा डी.ए.वी. कॉलेज पूंडरी के पूर्व प्राध्यापक (लैक्चरार) को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है और उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके द्वारा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में दिए ।



पूंडरी। जानकारी देते पुंडरिक खेल एवं जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। हिंदी प्रोफेसर जगबीर दूहन सम्मेलन में सम्मानित होते हुए।

### सम्मेलन में प्रो. जगबीर दूहन को किया सम्मानित

**नरवाना।** विश्व हिंदी परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन 21-22नवंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया । यह सम्मेलन राष्ट्रीयता और मानवता के प्रतीक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती को समर्पित किया गया। सम्मेलन में लद्दाख के राज्यपाल महामहिम कविंद्र गुप्ता, निवर्तमान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र, हरियाणा से राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा, पूर्व राज्यसभा सदस्य केसी त्यागी, प्रोफेसर मुरली मनोहर पाठक कुलपति लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली आदि भारत के कई विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा राजभाषा विभाग के अधिकारी सम्मिलित रहे। सम्मेलन में चीन, अमेरीका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, लंदन और मॉरीशस देशों के प्रतिनिधि व भारत के अधिकतर राज्यों से 300 प्रतिनिधियों ने शिरकत की। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में कार्यरत हिंदी प्रो जगबीर दूहन ने सम्मेलन में भाग लेते पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मंत्र वैश्विक चुनौतियों के निस्तारण में किस प्रकार सहायक हो सकते हैं विषय पर विचार रखे। उनके उत्कृष्ट वक्तव्य के लिए इथोपिया के राजदूत गेबु टेकले, हरियाणा से राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डा. विपिन आदि ने सम्मानित किया।

### कुरुक्षेत्र में 25 को उमड़ेगा जनसैलाबः मनीष कठवाड़

**पूंडरी।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़ ने कहा कि 25 को कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली हरियाणा की राजनीति में एक नया इतिहास रचेगी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए जिला कैथल सहित पूरे प्रदेश से अभूतपूर्व भीड़ पहुंचेगी और यह आयोजन प्रदेशभर में सम्मान, श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक बनेगा। कहा कि 1 से 24 नवम्बर तक हरियाणा के अलग-अलग कोनों से निकाली गई चारों यात्राओं ने जनता में उत्साह भर दिया है। इन यात्राओं के समापन पर 25 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में एक विराट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। मनीष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास किया है और जनता इसी विश्वास के साथ रैली में भारी संख्या में पहुंचेगी। कहा कि किसानों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों के हितों में किए गए कार्यों से जनता का भरोसा मजबूत हुआ है।



उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर बढ़ रहा आगे : अत्री

**उचाना।** बिहार चुनाव के परिणाम ने पूरे देश को दिशा देने का काम कर दिया। जहां भी चुनाव होते है वहां एनडीए की जीत इस बात का संदेश है कि पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई से देश का मतदाता खुश है। वे हलके के गांवों में विभिन्न गांव में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बिहार में गमछा लहराकर बिहार की जनता का अभिनंदन किया है। स्पष्ट जनादेश देकर यह साबित कर दिया कि अब विपक्ष पूरी तरह से टूट चुका है। 21 वीं सदी में भारत पूरी दुनिया में विकसित राष्ट्र होगा। वोट चोरी के नाम पर कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह करने का काम कर रही हैं। जनता यह मुद्दा पूरी तरह से नकार चुकी हैं। कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार से जनता से जुड़ाव नहीं कर पा रही। आज प्रदेश में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा ऐसे में वो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निशाना बनाकर उनको गायब बताने का काम कर रहे हैं। वो गायब नहीं नायाब है उनके बराबर का कोई नहीं है। उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वो काफी लोकप्रिय मुख्यमंत्री है। बिहार में भी उनकी लोकप्रियता का जादू खूब चला। उनके नेतृत्व में लगातार प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

---

### विद्यार्थियों की मूलभूत साक्षरता-गणनात्मक कौशल में सुधार की आवश्यकता

# संख्यात्मकता दक्षताओं को बढ़ाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फाउंडेशनल लिटरेशी एंड न्युम्रेशी (एफएलएन) मिशन के तहत विद्यार्थियों की साक्षरता एवं संख्यात्मकता दक्षताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 45 दिवसीय रेमेडियल योजना लागू की जा रही है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने खंड स्तरीय बीपीआइयू बैठक में सभी क्लस्टर हेड, एबीआरसी व बीआरपी को निर्देश जारी किए। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि जिले के 180 प्राथमिक विद्यालयों में सेंसस आधारित ग्रुपिंग एक्टिवटी का संचालन पूर्ण हो चुका है। इस अभ्यास के परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि विद्यार्थियों की मूलभूत साक्षरता और गणनात्मक कौशल में सुधार की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रुपिंग एक्सरसाइज 2 के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए 45 दिवसीय रेमेडियल योजना को 24 नवंबर 2025 से आगामी आंकलन तक लागू किया जा रहा है। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों की सीखने की गति को बढ़ाने और उन्हें दक्षता आधारित शिक्षा की ओर अग्रसर करने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने सभी अधिकारियों और शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे इस योजना को मिशन मोड में लागू करें ताकि जिले के सभी बच्चे निपुण बन सकें। उन्होंने कक्षा दूसरी व तीसरी के अध्यापकों के लिए निर्देश दिए कि सभी शिक्षक प्रतिदिन सुबह दस बजे से लेकर 11 बजे तक रेमेडियल कक्षाएं संचालित करें। जीरो पीरियड में 30 मिनट हिंदी और 30 मिनट गणित विषय की फोक्स कंपीटेंशी पर विशेष ध्यान दें। विभागीय किट जैसे टीएलएम व एससीईआरटी मैथ किट आदि का प्रयोग करें। विद्यार्थियों की बेस्ट प्रैक्टिस साझा करें ताकि अन्य शिक्षक भी उनसे प्रेरणा ले सकें।



जींद। बैठक को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

**संकुल मुखिया के लिए दिशा-निर्देश**

राजेश वशिष्ठ ने कहा कि प्रत्येक 15 दिन में एक बार सीपीआइयू आनलाइन मीटिंग आयोजित करें। मीटिंग में निपुण लक्ष्यों की समीक्षा करें और रिपोर्ट एबीआरसी द्वारा पीपीटी के रूप में खंड व जिला स्तर पर भेजें। चयनित 180 विद्यालयों में से प्रत्येक माह कम से कम छह विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। प्रत्येक सप्ताह एबीआरसी अथवा बीआरपी की बैठक लेकर उन विद्यालयों की पहचान करें जहां सपोर्टिड लनर्सर की संख्या ज्यादा हो।

---


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)**

❖ श्री दलबीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, म.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरिवंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः — शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने दी विकास को नई दिशा : बलविंद्र

**सीवन।** सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन व मनोनीत पार्षद बलविंद्र जांगड़ा ने कहा कि विपक्षी दलों और कांग्रेस के नेता सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप में समय गंवाते हैं, जबकि भाजपा सरकार ने अपने कार्यों से हरियाणा के विकास का वास्तविक खाका तैयार किया है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने जिस गति से प्रगति की है, वह विपक्ष के दावों को अपने आप ही निरस्त कर देती है। भाजपा नेता बलविंद्र जांगड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जनता के बीच से उठकर आए नेता हैं जो लोगों की समस्याओं को बारीकी से समझते हैं और उसी अनुसार हर स्तर पर समाधान की दिशा में कदम उठाते हैं। वर्तमान नेतृत्व में प्रशासनिक सरलता, पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद बेहद मजबूत हुआ है।

### सभी वर्गों के लिए सशक्त प्रयास : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी की गई है।

### विनम्रता से मिलती है सच्ची शांति : दास

**सीवन।** महंत अवध बिहारी दास ने एक धार्मिक चर्चा में कहा कि मनुष्य जब अपने व्यवहार में विनम्रता को स्थान देता है, तभी उसके भीतर सच्ची शांति का उदय होता है और यही विनम्रता उसे अहंकार से दूर रखकर जीवन को सहज बनाती है। क्योंकि जो व्यक्ति अपने शब्दों और कर्मों में सरलता लाता है, वह स्वयं भी शांत रहता है और अपने आसपास के वातावरण को भी मधुर बना देता है। इसलिए आवश्यक है कि इंसान परिस्थिति कैसी भी हो, अपने भीतर नम्रता की लौ को बुझने न दे, क्योंकि यही गुण उसे सही मार्ग दिखाता है।

### परमात्मा से प्रदेम करें दुखों से छुटकारा मिलेगा

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजौंद शाखा द्वारा ज्ञान गंगा प्रवाह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असंध से आई ऊषा व नीलम बहन ने कहा कि आज दिनों दिन दुख परेशानी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारे दुखों को दूर करने का एक ही माध्यम अब हमारे सामने है और वह है हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध। जब हमारा आंतरिक संबंध परमात्मा के साथ होगा तो हम किसी भी परिस्थिति में नही घबराएंगे। लेकिन संतुलन के साथ उसका निराकरण कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम अपने धर्म से भटक गए है इसलिए हमें आध्यात्मिकता के मार्ग को अपनाना होगा। बहन सरिता ने कहा कि समाज को उनके अतीत के प्रति जागृति पैदा करनी होगी, ताकि भारत के लोग यह जान सके की वह अतीत में कितने ऊंचे रहे हैं।

## अर्धशताब्दी सेवा यात्रा, गोपाल विद्या मंदिर की स्वर्ण गाथाएं : देवेंद्र अत्री

# स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरे संस्कृति और सृजन के रंग

हरिभूमि न्यूज. जींद

गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद ने अपने गौरवशाली स्वर्ण जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया। विद्यालय प्रांगण इस अवसर पर राष्ट्रीय रंगों, सांस्कृतिक उत्साह और बाल सृजनशीलता से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और भारत माता वंदना के साथ हुआ। मुख्यअतिथि के तौर पर हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के महामंत्री संपूर्ण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विद्या भारती का ध्येय केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहींए बल्कि ऐसी शिक्षा प्रदान करना है जो विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में संस्कारितए सक्षम और समाजोपयोगी बनाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपना योगदान दें और जीवन में मातृभूमि तथा संस्कृति के प्रति प्रेम बनाए रखें।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान देवेंद्र अत्री ने विद्यालय की 50 वर्षीय गौरवपूर्ण यात्रा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्ति का माध्यम नही बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील और समर्पित नागरिक तैयार करने की प्रक्रिया है। विद्यालय ने पांच दशकों में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय घीसा संत महामंडल के अध्यक्ष स्वामी राघवानंद महाराज ने की। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है, जिसमें बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक विकास समाहित हो। उन्होंने कहा कि जीवन जीने की कला और समाजसेवा की भावना विद्या के मंदिरों से ही उत्पन्न होती है। नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन अनुराधा सैनी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। सभी ने विद्यालय के सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक योगदान की सराहना की। प्रमुख आकर्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतए योगाभ्यास, लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुति और भारतीय संस्कृति पर आधारित रचनाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।




जींद । कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए बच्चे । व कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि ।

### पत्रिका के टाइटल पेज का अनावरण किया

इस विशेष अवसर पर केशव किरण पत्रिका जो कि स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव पर आधारित है की टाइटल पेज का अनावरण भी किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा और प्राचार्य अजय कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विद्यालय के लिए नहींए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना है। समापन और संदेश समारोह का समापन राष्ट्रगान और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। स्वामी राघवानंद ने अंत में कहा कि भौतिक उन्नति और डिग्रियों से परेए शिक्षा का सच्चा उद्देश्य प्रेम, सेवा, अनुशासन और संस्कृति के प्रति निष्ठा विकसित करना है। 50 वर्षों की यह अर्धशताब्दी सेवा यात्रा गोपाल विद्या मंदिर की शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा की समर्पित परंपरा को उजागर करती है। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में शिक्षा और संस्कृति के प्रति नई प्रेरणा और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित किया।



जींद । विशिष्ट अतिथि उचाना विधायक देवेंद्र अत्री को सम्मानित करते दीपक कौशिक।



कैथल । रमेश चहल शिक्षक तालमेल कमेटी कैथल के सदस्यों के साथ

# रमेश चहल बने शिक्षक तालमेल कमेटी के जिला प्रधान

- जिला उपप्रधान जसबीर सैणी राजीव मलिक महासचिव बने

हरिभूमि न्यूज. कैथल

हनुमान वाटिका कैथल में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन, डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा प्राथमिक टीचर एसोसिएशन, महासंघ, हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, अतिथि अध्यापक संघ, राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ, पंजाबी अध्यापक और भाषा प्रचार प्रसार समिति, पेंशन बहाली संघर्ष समिति, हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ (पी जी टी), हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ, शारीरिक शिक्षक सहायक,हरियाणा कौशल रोजगार निगम सहित विभिन्न शिक्षक यूनियनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी संगठनों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से "शिक्षक तालमेल कमेटी कैथल" का गठन किया। मौजूद सभी यूनियनों की सहमति से हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ के राज्य प्रधान रमेश चहल को शिक्षक तालमेल कमेटी कैथल का जिला प्रधान नियुक्त किया गया। जिला उपप्रधान जसबीर सैणी पीजीटी फिजिकल एजुकेशन, हसला के जिला प्रधान राजीव मलिक को कमेटी का महासचिव, प्राथमिक शिक्षा संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईशम सिंह को कोषाध्यक्ष तथा दसता से भुपेंद्र सिंह संगठन सचिव चुना गया।

नवगठित कमेटी का मुख्य उद्देश्य कैथल जिले के सभी अध्यापकों के कार्य समय पर करवाना, उनकी वाजिब माँगों को जिला एवं राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाना तथा सभी शिक्षक संगठनों के बीच मजबूत तालमेल और एकता स्थापित करना रहेगा। बैठक में हसला से राजीव मलिक व बिजेंद्र सिंह, दस्ता से विजेंद्र मोर, वीरेंद्र सिंह व सरदूल सिंह, बलवान छोत व महेंद्र शर्मा, बलजीत गोपेरा, राजेश बूरा, लाल सिंह, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, रामगोपाल शास्त्री, सुरेंद्र माजरा, जगदीप चट्ठा व जसबीर सिंह, रमेश चहल व विजेंद्र सिंह बेरवाल, राज कुमार, सतपाल शर्मा मौजूद रहे।

# राष्ट्र की ऊर्जा का स्त्रोत नारी ही है : मीनू आर्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना । कार्यक्रम में विजेता महिला को सम्मानित करते हुए।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में महिलाओं के बहुआयामी योगदान में उनकी सप्त शक्तियों को उजागर करने हेतु स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी की प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक ने की। शुभारंभ मुख्य अतिथि ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा डिंपल अरोड़ा ने की। मुख्य वक्ता के तौर पर मीनू आर्य ने हिस्सा लिया। 248 महिलाएं कार्यक्रम में मौजूद रही। वरिष्ठ अध्यापिका अनीता ने प्रस्तावना प्रस्तुत की जिसमें नारी की सप्तशक्ति कीर्ति श्री, स्मृति, मेधा, धृति व क्षमा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं द्वारा सामूहिक गीत हम ही मातृशक्ति हैं की प्रस्तुति दी गई। छात्राओं ने ऐतिहासिक एवं समकालीन महान महिलाओं के विचारों और वेशभूषा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को उजागर किया। जिसके माध्यम से महिलाओं को समाज निर्माण और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। डिंपल अरोड़ा ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि का विषय सबके सामने रखा। अरोड़ा ने महिलाओं को संदेश दिया कि यदि हम प्रकृति समाज और परिवार के साथ तालमेल बनाए रखें तो जीवन में बहुत सारी कठिनाइयों से बचा जा सकता है। नारी शक्ति केवल भावनात्मक नहीं बल्कि कर्मठताए नेतृत्व और ज्ञान का प्रत्यक्ष रूप है। हमें इस शक्ति को पहचान कर समाज में उसकी सही भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। प्राचार्या प्रोमिला ने महिलाओं की प्रश्नोत्तरी करवाई। प्रश्नों के उत्तर देने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता मीनू आर्या ने विस्तार से चर्चा की।

# दिल्ली में 14 को कांग्रेस करेगी रैली : जय प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने कहा कि जब समय था उस समय उचाना, जींद को याद कर लेते तो जो आज दुर्दशा जेजेपी की हुई है वो नहीं होती। अब ये रैली कर ले कुछ भी कर ले अब लोग इनके बहाकवे में आने वाले नहीं है। वे मॉडल टाउन में पूर्व मंडी प्रधान वीरेंद्र की भतीजी की शादी में पहुंचे थे। भाजपा को कोई भी फैसला लेना हो उसको लेकर दिल्ली से घंटी बजती है।

खाता ना बही जो दिल्ली वाला कहे वो सही। कांग्रेस 14 दिसंबर को दिल्ली में बड़ी कर रही है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीयध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़ेए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरे देश की जनता को बताएंगे कि धन, मशीनरी, सत्ता बल का दुरूपयोग करके ऐसे सत्ता हथियाई जाएगी तो प्रजातंत्र कहां रह पाएगा।

सांसद ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना में बार.बार सरकार बदलाव कर रही है। चुनाव के समय कुछ कहते थे अब कुछ कर रहे है। अब अनेकों शर्ते लगा दी गई है। 2014 में जब भाजपा सरकार आई तो 65 हजार करोड़ कर्जा भूपेंद्र हुड्डा छोड़ कर गए थे।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस सांसद जयप्रकाश।

## आर्य मेघ समाज के सदस्यों ने विकास और गतिविधियों पर विचार विमर्श किया

**सीवन।** आर्य मेघ समाज के सदस्यों की एक बैठक स्थानीय स्तर पर आयोजित की गई। इसमें विकास और सामाजिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने पर गहन चर्चा हुई। बैठक में वरिष्ठ सदस्य जे.ई. रमेश चंद, पार्षद रामदास आर्य, मक्खन आर्य, राकेश कुमार, बलबीर सिंह, जोगिंदर सिंह, साहिल, रवि कुमार, अमर सिंह सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन करते हुए वरिष्ठ सदस्य जे.ई. रमेश चंद, पार्षद रामदास आर्य और मक्खन आर्य ने बताया कि समाज की धर्मशालाओं को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह तय किया गया कि आर्य मेघ समाज की धर्मशालाओं में नए हॉल, शौचालय और बाथरूम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। समुदाय के उपयोग और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम समाज के लिए अत्यंत लाभकारी माना जा रहा है। बैठक में पार्षद रामदास आर्य ने विशेष रूप से अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि समाज के हितों से जुड़े प्रत्येक विकास कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी और धर्मशालाओं को आधुनिक, स्वच्छ और उपयोगी स्वरूप देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यह बैठक न केवल निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और विकास की दिशा में मजबूत पहल का प्रतीक भी बनी।

# कॉलेज में कपिल मुनि की प्रतिमा लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। नगर में भगवान कपिल मुनि प्रतिमा की शोभा यात्रा फोटो: हरिभूमि

कलायत स्थित श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज परिसर में अब भगवान कपिल मुनि के दर्शन होंगे। भगवान कपिल मुनि की प्रतिभा स्थापित करने का कार्य 17 वर्ष तक ट्रस्ट के रूप में महिला कॉलेज संचालित करने वाली श्री कपिल मुनि शिक्षा समिति द्वारा पूर्ण करवाया गया।

आकर्षक प्रतिभा स्थापना को लेकर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस कड़ी में कॉलेज प्रशासन, शिक्षकों, छात्राओं, शिक्षा समिति सदस्यों व गणमान्य लोगों ने आयोजन में शामिल होकर हवन में पूर्णाहुति डाली। धार्मिक परंपरा का निर्वहन श्री कपिल मुनि ज्योतिष एवं रत्न केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य ने करवाया। हर किसी ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। श्री कपिल शिक्षा समिति के सदस्यों का कहना है कि भगवान कपिल मुनि जी की मूर्ति स्थापित होने से सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलेगी। कलायत की धरा पर ही प्राचीन काल में भगवान कपिल मुनि ने अपनी माता देवहुति को सांख्य दर्शन का ज्ञान करवाया था। मानव को दिए गए इस विकास के संदेश से ही हर क्षेत्र में आज लोग अपनी भूमिका निभा रहे हैं। प्रतिमा स्थापित करने का लक्ष्य भगवान कपिल मुनि की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना है।



## क्विज में राजगुरु सदन ने मारी बाजी

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पूंडरी में 5वीं से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए सदनवार सामान्य ज्ञान व सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद और राजगुरु सदन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभिभावकों ने भी विद्यालय पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन राजगुरु सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस टीम में आठवीं के रमन, 7वीं की मिस्टी, 5वीं की अंशिका और छठी की तनवी शामिल रहे, जिन्होंने अपने शानदार उत्तरों से सबका ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधक दीपक वालिया ने विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# वरिष्ठ नागरिक समिति कैथल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वरिष्ठ नागरिक समिति कैथल द्वारा वरिष्ठ नागरिक भवन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 30 वरिष्ठ समिति के सदस्यों का बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल व ईसीजी टैस्ट करने के बाद डॉक्टर अरविंद शर्मा द्वारा जरूरत बंद सदस्यों को दवाई प्रेस्क्राइब की गई व उन्हें स्वस्थ रहने के लिए खान पान की सलाह भी दी गई। यह आयोजन शाह अस्पताल कैथल के डॉक्टर व लैब टेक्नीशियन के सहयोग से आयोजित किया गया। शाह अस्पताल द्वारा यह सब कार्य निशुल्क समाज सेवा को समर्पित करते हुए किए गया। समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा एडवोकेट ने शाह अस्पताल से आए हुवे 7 सदस्यों की टीम मे डॉक्टर अरविंद शर्मा व अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया। समिति के प्रधान राम नरायण रावल जी द्वारा आए हुए डॉक्टर और उनकी टीम के सदस्यों को मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया।इस कैंप में समिति के सदस्यों में आर पी सिंगला, जयपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष के एल रंगा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गर्ग सी ए, बी डी शर्मा, डॉक्टर जी एल चावला, प्रेस सचिव सुरेंद्र हरित, सचिव रोहित शर्मा, भले राम, आदि सदस्य कैंप मे उपस्थित रहे।




कैथल । शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक

**स्पर्धा** सीआरएसयू में संपन्न हुई राज्य स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता

राज्य सूचना आयुक्त ने बच्चों को संबोधित किया दिए टिप्स

# अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार होना भी जरूरी : कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में रविवार को भारत विकास परिषद की वीर शाखा द्वारा राज्य स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान, प्रतिभा व तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आधुनिक समय में जहां प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए ज्ञान आवश्यक है। वहीं बच्चों में अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि छात्रों का समग्र विकास ही वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और यदि वे उच्च शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं तो राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि भारत को जानो जैसे कार्यक्रम छात्रों को देश के गौरवपूर्ण इतिहासए संस्कृति, परंपराओं और महान व्यक्तित्वों से अवगत कराते हैं। इससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति और समाज के प्रति कर्तव्य बोध की भावना विकसित होती है। हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने छात्रों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच जीवन में ऊंचाइयां दिलाती है। उन्होंने छात्रों को भारतीय इतिहास के प्रेरक प्रसंगों से रूबरू कराया और कहा कि हमारे पूर्वजों के संघर्ष और त्याग की कहानियां युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। भारत विकास परिषद की वीर शाखा के अध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि परिषद का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करना है। परिषद समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और ज्ञान बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी।